आईआईएम का स्थापना दिवस समारोह आज

आर्यभट्ट में कार्यक्रम

रांची | संवाददाता

आईआईएम रांची का 10वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मोहराबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शाम 6.30 बजे से किया गया है।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी मौजूद होंगे। साथ ही, आईआईएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या, निदेशक प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह, मौजूद रहेंगे। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। प्रणब मुखर्जी डीपीएस ग्रेटर के भवन का शिलान्यास भी करेंगे। सुबह 10.30 बजे बीएनआर होटल में शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया है।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी कार्यक्रम में शामिल होंगे

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के रांची दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को वह रांची पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर एयरपोर्ट से लेकर पूरे शहर में 10 जगहों पर 100 लाठी बल के जवान भी तैनात रहेंगे। 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया है। पूर्व राष्ट्रपति जहां-जहां जाएंगे, पुलिस ने उन जगहों को चार जोन में बांट दिया है। हर जोन की जिम्मेवारी अलग-अलग पुलिस पदाधिकारियों को सौंपी गयी है।

Hindustan, 15.12.2018, Pg. 21